हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री


13 आरसीकन्हार वन परिक्षेत्र में भवन निर्माण कार्य की ...





14 संघ में कोई व्यक्ति गुरु नहीं होता : वशिष्ठ






## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षन कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो डब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करे, अंतिम तिथि : 16/10/2025




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### तहसील अध्यक्षों का हुआ मनोनयन

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा ने तहसील शाखा अध्यक्ष मनोनीत किए हैं। सुधीर कौशल धमतरी तहसील, संतराम साहू तहसील कुरूद, सुरुज लाल कुंजाम नगरी एवं भिखारीराम साहू तहसील भखारा अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 10 को

**नगरी।** ग्राम पटेल संघ नगरी सिहावा की बैठक 10 अक्टूबर शुक्रवार को शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में दोपहर 12 बजे रखी गई है। यह जानकारी अध्यक्ष मनहरण लाल साहू ने दी है।

### वन अधिकार समिति की बैठक 10 को

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 10 अक्टूबर को आयोजित की गई है। यह बैठक दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में होगी।

### हल्की मध्यम बारिश की संभावना

**धमतरी।** आगामी दो दिनों तक पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश के साथ मेघगर्जन होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण छत्तीसगढ़ से तेलंगाना, रायल सीमा, आंतरिक तमिलनाडु होते हुए मन्नार तक 0.9 किमी की ऊंचाई पर एक द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा वेरावल, भरूच, उज्जैन, झांसी, शहजहांपुर से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं मेघ गर्जन की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान 32 से 24 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है। 10 अक्टूबर से उत्तर छग में मेघ गर्जन तथा वर्षा गतिविधि में कमी आएगी।

### कुरुद के 3 गांवों में होंगे 16.41 लाख के विकास कार्य

**कुरुद।** पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर के सतत प्रयास और जनसेवा की भावना के परिणाम स्वरूप मुख्यमंत्री समग्र



ग्रामीण विकास योजना 2025-26 के तहत कुरुद विधानसभा की 3 पंचायतों में 16.41 लाख रुपए के विकास कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कठौली के पटेल समाजपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 6.50 लाख रुपये, ग्राम सिलघट में डुमन लोहार घर से नदी की ओर नाली निर्माण के लिए 5.91 लाख एवं ग्राम कोलियारी में बड़े तालाब के पास रंगमंच निर्माण के लिए 4 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति हुई है। यह स्वीकृति ग्रामीण जीवन में सुविधा, स्वच्छता और सामाजिक सहभागिता को नई दिशा देने वाली है। उक्त स्वीकृति पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

---


सिरदार देव के आशीर्वाद से एक सप्ताह पहले मनाए जाते हैं कई त्योहार

# सेमरा सी में 14 को लक्ष्मी पूजा, फिर मचेगी गोवर्धन पूजा की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिरदार देव के आशीर्वाद से सेमरा सी में एक सप्ताह पहले दिवाली मनाई जायेगी। इसके लिए गांव में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। सिरदार देव के मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। घरों में लिपाई पुताई का काम भी कम्पलीट हो चुका है।

भखारा क्षेत्र के ग्राम सेमरा सी में दिवाली, होली जैसे बड़े त्योहारों को एक सप्ताह पहले मनाने की सदियों पुरानी परंपरा है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस साल भी इस गांव में एक सप्ताह पहले दिवाली



मनाने की तैयारी चल रही है। सभी जगह जहां 20 अक्टूबर को दिवाली मनाई जाएगी, वहीं इस गांव में 14 अक्टूबर को दिवाली मनाई जाएगी। गांव में इसके लिए तैयारी चल रही है। सिरदार देव के मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसके साथ ही घरों में रंगरोगन और झालर लाइट लगाने का काम चल रहा है। गांव के प्रमुख नागरिक गजेंद्र कुमार सिन्हा, नैतिक सिन्हा, नितिका सिन्हा, प्रेमचंद सिन्हा आदि ने बताया कि 14 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा होगी। इसके दूसरे दिन गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम होगा। इससे पहले गौरा गौरी जगाने की रस्म शुरू कर दी जाएगी। गोर्वधन पूजा के दिन सुबह गौरा गौरी की बारात निकाली जाएगी। एक सप्ताह पहले दिवाली होने के कारण गांव के इस त्योहार में आसपास के ग्रामीण और रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। इस बार भी कार्ड छपवाकर उन्हें त्योहार में शामिल होने का निमंत्रण भेजा गया है।

### इसलिए बनी अनोखी परपंरा



सेमरा सी में एक सप्ताह पहले त्योहार मनाने की परपंरा कब से चली आ रही है, कोई नहीं जानता। ग्रामीणों ने बताया कि यह परपंरा सिरदार देव के आदेश पर शुरू हुई है। उन्होंने बताया कि सैकड़ों साल पहले गांव के मुखिया के सपने में सिरदार देव आए और उन्होंने गांव को हर अनिष्ट से बचाने के लिए एक सप्ताह पहले त्योहार मनाने का आदेश दिया। तब से यह परंपरा चली आ रही है। इस परंपरा को तोड़ने की हिमाकत कोई नहीं करता है। जब-जब इस परंपरा का निर्वहन नहीं किया गया है, गांव में कोई न कोई बड़ी आफत आई है।

### दूर-दूर तक है ख्याति

इस अनोखी परंपरा के चलते ही सेमरा सी की ख्याति दूर-दूर तक है। दूर-दूर से लोग यहां के त्योहार को देखने और शामिल होने आते हैं। सिर्फ दिवाली ही नहीं बल्कि होली, पोला और हरेली त्योहार भी यहां निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पहले मनाया जाता है। बाहर से आने वाले मेहमानों का ग्रामीण दिल खोलकर स्वागत करते हैं। यह अनोखी परंपरा ग्रामीणों की सिरदार देव के प्रति ग्रामीणों की गहरी आस्था को दर्शाती है।

# दस दिन में नौ प्रधानपाठकों के अग्रिम जमानत आवेदन हुए नामंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने का है आरोप

पिछले 10 दिनों में 9 शिक्षाकर्मियों के अग्रिम जमानत आवेदन को न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इन शिक्षाकर्मियों पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने का आरोप है। खास बात यह है कि सभी शिक्षाकर्मी विभिन्न स्कूलों में प्रधानपाठक के रूप में सेवा दे रहे हैं। गिरफ्तारी के डर से इनमें से कई तो छुट्टी लेकर अंडरग्राउंड हो गए हैं।


जनपद पंचायत में शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा के आरोपी पर कार्रवाई का दौर जारी है। लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी हो रही है। गिरफ्तारी के डर से आरोपी



विशेष न्यायाधीश ऐट्रोसिटीज में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आवेदनों पर फैसला दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार अग्रिम जमानत के जितने आवेदनों पर सुनवाई हुई है, लगभग सभी को खारिज कर दिया गया है। बुधवार को भी इस मामले में 6 आरोपियों के अग्रिम जमानत आवेदनों पर सुनवाई हुई। सभी के आवेदन खारिज कर दिए गए। इनमें शासकीय प्राथमिक शाला नवाडीह बोड़रा के प्रधानपाठक टिंकूराम साहू, शासकीय प्राथमिक शाला उन्नयन पेण्ड्रा के प्रधानपाठक घनश्याम ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला चिंवरी (कुरूद) की प्रधानपाठक आसनी साहू, शासकीय प्राथमिक शाला बस्तीपारा खिसोरा की प्रधानपाठक साधना साहू, शासकीय प्राथमिक शाला मोहरेंगा की प्रधानपाठक उर्मिला साहू, शासकीय प्राथमिक शाला भोथली की प्रधानपाठक निशा निषाद के अग्रिम जमानत के आवेदन शामिल थे। इससे पहले प्रधान पाठक श्रीमती युकेश साहू, पूनम सोनवानी, मंजु खुटेर के आवेदन निरस्त हो चुके हैं।

# गजराज की वापसी, पहुंचा गरियाबंद जिला

**धमतरी।** जिले में करीब 30 दिन बिताने के बाद दंतैल हाथी अब गरियाबंद जिले में प्रवेश कर लिया है। उल्लेखनीय है कि चंदा दल का एक दंतैल हाथी बालोद जिले की ओर से 9 सितम्बर को धमतरी जिले के ग्राम विश्रामपुर में प्रवेश किया। यह हाथी 6 अक्टूबर तक गंगरेल, डांगीमाचा, तुमराबहार, विश्रामपुर आदि आसपास के जंगलों में विचरण करता रहा। नवरात्रि पर्व पर गजराज को मां अंगारमोती मंदिर के आसपास विचरण करते पाया गया लेकिन 7 अक्टूबर को यह गंगरेल क्षेत्र से रूद्री होते हुए शहर तक पहुंच गया। शहर में रात को 4 घंटे तहलका मचाने के बाद वह उत्तर सिंगपुर के जंगल की ओर रवाना हो गया। बुधवार की सुबह दंतैल ने पैरी नदी क्रॉस



कर गरियाबंद के जंगल में पहुंच गया है। इस हाथी ने डांगीमाचा के आसपास के गांवों में खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया है वहीं दो कच्चे मकान को भी क्षति पहुंचाई है। खास बात यह है कि इस हाथी ने पर्यटन क्षेत्र में महीना भर बिताने के बाद भी किसी व्यक्ति पर हमला नहीं किया।

# दिवाली पूर्व वेतन वृद्धि व बोनस जारी करने की मांग

### एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एनएचएम कर्मचारी संघ ने सरकार से दिवाली से पहले वेतन वृद्धि व बोनस आदेश जारी करने की मांग की है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने दिवाली से पहले लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि में से घोषित 5 प्रतिशत वृद्धि तथा वार्षिक मूल्यांकन सीआर के आधार पर मिलने वाले 5 प्रतिशत बोनस राशि जारी करने की मांग की है। इसके साथ ही हड़ताल के दौरान बर्खास्त किए गए 25 कर्मचारियों की पुनर्बहाली की भी गुहार लगाई है। संघ ने सरकार से उक्त मांगों पर दिवाली से पूर्व आदेश जारी करने का आग्रह करते हुए कहा है कि इससे कर्मचारी आर्थिक रूप से राहत पा सकेंगे और त्योहार को प्रसन्नता मना सकेंगे। कर्मचारी संघ ने यह भी कहा है कि 33 दिनों तक चली हड़ताल के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई थीं लेकिन अब सभी कर्मचारी कार्य पर लौट चुके हैं।

शहर के दानीटोला वार्ड की घटना

# जहरीले सांप के काटने से दो साल के बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पलंग पर सो रहे दो साल के बच्चे को जहरीले सांप ने काट लिया। इस घटना में बच्चे की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।

अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार सिहावा रोड दानीटोला निवासी चन्द्रशेखर चक्रधारी मंगलवार की रात्रि खाना खाने के बाद अपने 2 वर्षीय बेटे चुन्मय चक्रधारी के साथ पलंग पर सोया था। रात्रि लगभग 3.30 बजे बच्चे की हिचकी लेकर रोने की आवाज सुन चन्द्रशेखर जाग गया। उठकर बच्चे को चुप कराने लगा लेकिन चुन्मय चुप नहीं हो रहा था। तभी उसकी नजर बच्चे की बायीं कलाई पर पड़ी। कलाई में सुई चुभाने जैसे दो निशान थे। उस निशान को देख चन्द्रशेखर को सर्पदंश का अंदेशा हुआ। चन्द्रशेखर ने पलंग के नीचे



झांककर देखा। वहां पर दो फीट से ज्यादा एक जहरीला करैत था। बच्चे की हालत व पलंग के नीचे करैत सांप को देख चन्द्रशेखर को समझते देर नहीं लगी कि बच्चे को सांप ने काटा है। बच्चे के साथ हुई घटना से गुस्साए परिजनों ने सांप को मार डाला। गंभीर हालत में बच्चे को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती



कराया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की सुबह बच्चे की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### साइलेंट किलर है करैत

जानकारों के अनुसार कॉमन करैत सांप को साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि इसके विषदंत बहुत छोटे व पैने होते हैं जिसके कारण दर्द नहीं होने से करैत सांप के काटने का पता नहीं चलता। सर्पदंश के थोड़ी देर बाद निरोटाक्सिक जहर पूरे शरीर में फैल जाता है और व्यक्ति की मौत हो जाती है। भारत में सबसे ज्यादा मौत साइलेंट किलर करैत सांप के काटने से होती है।

# दो लाख रू. नकद और आधा किलो चांदी गायब

- नगरी के वार्ड क्रमांक 10 में चोरी की वारदात
- चोरों ने मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर वारदात को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर में मंगलवार की रात एक बड़ी चोरी की घटना से सनसनी फैल गई। वार्ड क्रमांक 10 स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पीछे रहने वाले मनीष संखलेचा के घर को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने करीब दो लाख रुपये नकद और आधा किलो चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात लगभग 9:30 बजे संखलेचा परिवार जैन मंदिर में आयोजित भक्ति कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जब वे रात 11:30 बजे घर लौटे, तो मुख्य दरवाजे का ताला सुरक्षित मिला, लेकिन भीतर रखे गोदरेज में चाबी लगी देख उन्हें शक हुआ। जांच करने पर दराज से नकदी और चांदी के करधन व पायल गायब पाए गए। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि घर का कोई ताला टूटा नहीं था और न ही दरवाजे पर तोड़फोड़ के निशान मिले। इससे स्पष्ट होता है कि चोरों ने मास्टर चाबी का इस्तेमाल कर बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम दिया। घर के भीतर सिगरेट की गंध भी पाई गई, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि चोर अंदर कुछ समय तक रुके रहे। घटना की सूचना मिलते ही नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की तलाश में जुट गई है।

### 18 करोड़ रुपये खर्च आयेगा, निविदा में 7 आवेदन प्राप्त हुए, 5 वैध पाए गए

# अर्जुनी में हाईटेक बस स्टैंड निर्माण को हरी झंडी, दीपावली के बाद शुरू होगा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम अर्जुनी में 18 करोड़ रुपये की लागत से हाईटेक बस स्टैंड के निर्माण की योजना को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना के लिए राज्य सरकार से राशि स्वीकृत हो चुकी है और निविदा प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। दीपावली पर्व के बाद निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है।

नगर निगम के उपायुक्त पीसी शर्मा ने बताया कि बस स्टैंड निर्माण के लिए जारी निविदा में कुल 7 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 5 वैध पाए गए हैं। इन्हीं में से किसी एक पात्र ठेकेदार को



शीघ्र वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। यह हाईटेक बस स्टैंड महानगरों की तर्ज पर तैयार किया जाएगा, जिसमें यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता दी गई है। यात्री प्रतीक्षालय, हॉल, चेंजिंग रूम, रेस्ट रूम, फीडिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे, बसों की पार्किंग, रात्रि विश्राम गृह, रेस्टोरेंट, सुरक्षा घेरा, गार्ड, पेयजल और बिजली की व्यवस्था रहेगी। नया बस स्टैंड नेशनल हाईवे-30 पर स्थित होगा। यह अंतरराज्यीय बस आवागमन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। बस्तर, रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों के लिए सीधी बस सेवाएं यहां से संचालित की जाएंगी।बसों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यातायात प्रबंधन के लिए ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा के लिए चौकसी बढ़ाई जाएगी और पूछताछ केंद्र एवं लाउडस्पीकर सिस्टम से आवश्यक जानकारी दी जाती रहेगी।

नगर निगम द्वारा प्रस्तावित यह हाईटेक बस स्टैंड न केवल यात्रियों को सुविधा प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर और व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि का माध्यम भी बनेगा। नगर उत्थान योजना अंतर्गत यह परियोजना धमतरी के आधारभूत ढांचे को नया आयाम देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस संबंध में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अर्जुनी में 18 करोड़ की लागत से नया बस स्टैंड बनाया जा रहा है, जो सर्वसुविधायुक्त होगा और आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। शहर से दूर होने के कारण ट्रैफिक की समस्या से भी राहत मिलेगी।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप



### फोर्स ने छात्रों को साइबर सुरक्षा की जानकारी दी

**भानुप्रतापपुर।** 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केवटी के द्वारा भीरा गांव स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र-छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी के विषय में जागरूक करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल से सहायक कमांडेंट संचार दाऊद टोपनो, निरीक्षक संचार सुभाष कुमार तथा उप निरीक्षक संचार शशिकांत कुमार ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया के जिम्मेदाराना इस्तेमाल तथा साइबर अपराधों की रिपोर्टिंग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे तथा उन्होंने विद्यार्थियों से इस जानकारी को व्यवहार में लाने और दूसरों को भी जागरूक करने की अपील किया।

### स्कूल स्तर पर सामाजिक अंकेक्षण पर हुई चर्चा

**अंतागढ़।** शाउमावि कोलर में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता 2025 26 के तहत सामाजिक अंकेक्षण 7 अक्टूबर को किया गया। शाउमावि तालाबेड़ा के व्याख्याता नोडल अधिकारी अनूप श्रीवास्तव और माध्यमिक स्तर के नोडल अधिकारी तालाबेड़ा माध्यमिक शाला के शिक्षक गौकरण निषाद द्वारा बच्चों से व समिति के सदस्यों से कई स्तरों पर चर्चा किया गया। माध्यमिक स्तर के बच्चों के लिए शासन के मंशानुरूप मध्यान्ह भोजन मैं न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दंतेश्वरी वट्टी, सुखधर बुई उपसरपंच, देवलाल दुग्गा अध्यक्ष शाला प्रबंधन विकास समिति, तेज सिंह बघेल पूर्व सरपंच, प्राचार्य आरआर मरकाम एवं शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

### चार दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा 10 से होगी

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम पंचायत कोदापाखा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक होगी। आयोजन समिति अध्यक्ष देवेंद्र नरेटी ने बताया कि इस खेल आयोजन का उद्देश्य ग्राम स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और युवाओं में आपसी सहयोग की भावना बढ़ाना है। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 20,000, द्वितीय पुरस्कार 12,000 तथा तृतीय पुरस्कार 6,000 रूपएं रखा गया है। वहीं प्रवेश शुल्क 551 निर्धारित किया गया है। आयोजन की तैयारियों में नया सवेरा नवयुवक मंडल कोदापाखा के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं।

### मोहट बूढ़ादेव सेवा समिति दशरहा पर्व मनाएंगा

**दुर्गुकोंदल।** आदिवासी परंपरा एवं सांस्कृतिक एकता के प्रतीक नांगेल मोहट बुढ़ादेव सेवा समिति के तत्वावधान में पारंपरिक दशरहा पर्व का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सरंक्षक मोतीराम नरेटी, सुखनाथ नरेटी, श्यामलाल नेगी एवं घसियाराम नरेटी के मार्गदर्शन में यह आयोजन संपन्न होगा। इस अवसर पर अक्को मामा, तरयूह भाई, 14 पाट्क 18 भूमकाल अपने पेन पुरखाओं सहित पारंपरिक रीति से सम्मिलित होंगे। गद्दी गायता जगतराम नरेटी, बारसा गायता बुन्दूराम नरेटी, पेन प्रमुख दशरथ नरेटी सहित अनेक परंपरागत पदाधिकारी कार्यक्रम को संचालित करेंगे।

## निधन

### किशुनलाल साहू



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला निवासी किशुनलाल साहू उम्र 85 वर्ष का निधन 6 अक्टूबर को हो गया। वे मंशाराम, बोधनराम साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

सजधज कर तैयार हुए श्रृंगार व पूजा सामान के स्टॉल, 10 अक्टूबर को महिलाएं रखेंगी करवा चौथ का व्रत

# बाजार में छाई करवा चौथ की रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर के बजरंग चौक में करवा चौथ पर्व का बाजार गुलजार है। जगह-जगह श्रृंगार सामग्री, पूजा सामग्री और सजावटी वस्तुओं के आकर्षक स्टॉल सज गए हैं। महिलाओं में इस पर्व को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है। इस वर्ष करवा चौथ व्रत 10 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार मान्यता है कि इस दिन पति की दीर्घायु और दांपत्य सुख के लिए व्रत रखने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। यह व्रत कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है। इस वर्ष चतुर्थी तिथि 9 अक्टूबर की रात 10:54 बजे से प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर की शाम 7:38 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार व्रत 10 अक्टूबर को ही किया जाएगा।



### सामान विक्रेताओं में उत्साह

बजरंग चौक नगरी के ऋषिकुमार ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में करवा चौथ व्रत का चलन तेजी से बढ़ा है। इस वर्ष आकर्षक डिज़ाइन वाली करवा 80 से 100 रुपये में, थाली सजाने का कपड़ा 60 से 70 रुपये तथा पूजा आसन 70 से 100 रुपये में उपलब्ध हैं। वहीं, काजल, मेहंदी और सोलह श्रृंगार के सामानों की भी खूब मांग है।

### व्रत के नियम और परंपराएं

करवा चौथ का व्रत पूर्ण निष्ठा और नियमों के साथ रखा जाता है। व्रत शुरू करने से पहले सरगी का सेवन किया जाता है, जो परंपरानुसार सास द्वारा बहू को दिया जाता है। इस दिन महिलाएं नाखून काटना, बाल कटवाना आदि कार्य नहीं करतीं और पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। शाम को करवा माता की पूजा कर, रात में चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोलती हैं।

### व्रत की उत्पत्ति से जुड़ी कथाएं

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सबसे पहले माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था, जिससे उन्हें अखंड सौभाग्य की प्राप्ति हुई। एक अन्य कथा में वर्णित है कि देव-दानव युद्ध के दौरान देवियों ने अपने पतियों की रक्षा और दीर्घायु के लिए यह व्रत किया था।

# रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत नगरी से 30 श्रद्धालुओं का जत्था रामलला दर्शन हेतु अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं की इस यात्रा को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, सभापति राजेशनाथ गोसाई, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, वरिष्ठ भाजपाई कमल डागा, नागेन्द्र शुक्ला, हुमित लिमजा, पार्षद शंकर देव, देवचरण ध्रुव, मोनू साहू, दीपक साहू की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने श्रद्धालुओं को यात्रा की शुभकामनाएं दी।

नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली हैं जिन्हें अयोध्या धाम में रामलला के भव्य दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर करोड़ों राम भक्तों का सपना साकार किया है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय ने रामलला दर्शन यात्रा की शुरुआत कर एक श्रवण कुमार बेटे का कर्तव्य निभाया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा ने यात्रियों को हेल्पलाइन नंबर एवं शासन के द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करने का निवेदन किया। श्रद्धालुओं का जत्था बस द्वारा रायपुर तक एवं रायपुर से स्पेशल ट्रेन के माध्यम से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ।



### कुश्ती प्रतियोगिता में तुलसी का चयन

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम के छात्र तुलसी सिन्हा कक्षा दसवीं का चयन राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता जांजगीर-चांपा में 9 अक्टूबर तक होगी। प्राचार्य जेआर साहू, पूर्णिमा वारदे, अंजु लिखी, वीपी साहू, गुलेश्वरी देवांगन, सरिता शर्मा, दानेश्वरी सिन्हा, मनोरमा, छाया श्रीवास्तव, नलिनी मिश्रा, सरस्वती ध्रुव, सुभद्रा यादव, सारिका वर्मा, प्रभा साहू, व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार सिन्हा, पूर्णिमा गोटा, वंदना, योगेश कुमार साहू, सुप्रिया गजेंद्र, कांति कन्नौजे, महेश्वरी साहू, प्रहलाद साहू ने हर्ष जताया है।

# जनपद क्षेत्र से 24 तीर्थयात्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

- भाजपा नेताओं ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

छग शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत कुरुद जनपद क्षेत्र के 24 लोगों को प्रभु श्रीरामचन्द्र के दर्शन कराने अयोध्या धाम के लिए भाजपा नेताओं ने शुभकामनाएं देते हुए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंगलवार सुबह जपं कुरुद के सामने लगी बस में जनपद क्षेत्र के चयनित 24 तीर्थयात्रियों को रायपुर के लिए रवाना करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता टकेश्वर चन्द्राकर ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत हर धार्मिक पर्यटन की निःशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। जिसके तहत अब तक कुरुद क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को अयोध्या धाम की यात्रा करने का सौभाग्य मिला है। सरपंच पन्ना चंद्राकर, महामंत्री थानेश्वर तारक ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक अजय चंद्राकर के निर्देश पर जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू क्षेत्रवासियों को लगातार इस योजना का लाभ दिलाने के काम में जुटी हैं। अब तक क्षेत्र के सैकड़ों लोग तीर्थयात्रा का लाभ उठा चुके हैं। करारोपण अधिकारी राकेश ध्रुव ने बताया कि क्षेत्रिय जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर आगे भी श्रद्धालुओं के लिए यात्रा का इंतजाम किया जाएगा। इस अवसर पर झालेंद्र कंवर, वीरेंद्र साहू, सावित्री साहू, सोनकुंवर, बिसेलाल, विष्णुदेव, हरिराम, कुंजुराम, तीजूराम साहू, गौकरण ध्रुव, कुंवरलाल साहू, गैंदूराम, मुरारी निषाद, समारु, परमेश्वर, ओंकार, जयलाल, भानु, मुकसूदन, चोवाराम, रूपनलाल, शिवप्रसाद, धनीराम, दाऊलाल, थुकेल, रंजीत निषाद आदि उपस्थित थे।




# खिसोरा सशिमं के छात्रों को उपमुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

सरस्वती शिशु मंदिर खिसोरा के छात्र प्रतीक साहू पिता ओमप्रकाश साहू, जागृति साहू पिता गोविंदा साहू का सीएम पुरस्कार के लिए चयन हुआ। उल्लेखनीय है कि सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति बिलासपुर द्वारा पिछले दिनों परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रतीक साहू ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं जागृति साहू ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ प्रांत पर तृतीय स्थान प्राप्त किया था। मेधावी छात्र-छात्राओं को उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने नकद राशि, सिल्वर मैडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सशिमं खिसोरा के प्रधानाचार्य जागेश्वर कश्यप, आचार्य मुकेश निषाद, सीताराम साहू, लीना साहू, रोमा बंसोर ने छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# सिहावा में शराब बनाने पर होगा राशन कार्ड रद्द, दस हजार जुर्माना भी लगेगा

- ग्राम पंचायत सिहावा चला रही नशामुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा पंचायत द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। बढ़ते नशा और नशे की हालत में बढ़ते अत्याचार के चलते पंचायत द्वारा हर मोहल्ले में नशामुक्ति सभा आयोजित की जा रही है। इस दौरान बताया गया कि अगर किसी मुहल्ले में शराब बनाने की सूचना मिलती है तो पंचायत द्वारा कानूनी कार्रवाई की जायेगी। शराब बनाने वाले का राशन कार्ड रद्द कर उसे 10000 नगद जुर्माना लिया जायेगा। साथ ही कोई व्यक्ति शराब पीकर मोहल्ले में गाली-गलौज करता है, उस पर भी दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।



सरपंच उषा देवी ने कहा कि बढ़ते नशे के कारण अत्याचार, महिलाओं से मारपीट जैसे कई घटना देखने को मिल रही है। इसी को नियंत्रित कर आदर्श ग्राम बनाने हेतु यह कदम उठाया गया है।

इस अवसर पर उपसरपंच सुनील सिंह, सचिव संतोष ध्रुव, पंच फैजल खान, वीरेंद्र मंहरे, प्रकाश पटेल, तिलेश्वरी पटेल, मीनू कुलदीप, राजकुमार निषाद, हरचंद निषाद, लेहमन मानिकपुरी, रामस्वरूप पटेल, नारायण वैष्णव, बालक दास वैष्णव, तामेश्वर प्रजापति, कृष्णा पटेल, जागेश्वरी पटेल, कीर्ति पटेल, मालती पटेल, कंचन पटेल, उजाला पटेल, प्रमिला निषाद, सुशीला निषाद मौजूद रहे।

घटुला में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण

# दीपावली से पहले शुरू की आत्मनिर्भरता की नई राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत घटुला में महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (आरसेटी) के तत्वावधान में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था।

शिविर में महिलाओं को घर एवं दैनिक जीवन में उपयोग आने वाले उत्पाद जैसे साबुन, निरमा, फिनाइल, मोमबत्ती आदि बनाने की जानकारी दी गई। दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए दीया निर्माण का भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया, ताकि महिलाएं त्योहारी सीजन में अपने उत्पादों को स्थानीय बाजार में बेचकर अच्छी आमदनी कमा सकें। इस कार्यक्रम में जय मां जगदंबे, जय मां कर्मा डीडीपारा, जगत ज्योति, शांति महिला, सरस्वती महिला, शाकंभरी, वैभव लक्ष्मी सहित अनेक स्व-सहायता समूहों की लगभग 30 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाएं अब अपने बनाए हुए उत्पादों को बाजार में बेचकर अतिरिक्त आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम बताया। ट्रेनर सरोज साहू द्वारा महिलाओं को सभी उत्पादों के निर्माण की तकनीकी जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि यदि ग्रामीण महिलाएं इस प्रशिक्षण का उपयोग निरंतर रूप से करें, तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि गांव की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकती हैं।



महिलाओं ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने में मददगार साबित होंगे और समाज में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त बनाएंगे।

## अंचल की खबरें

### जीजामगांव स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित




**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीजामगांव में हितग्राही छात्राओं को राज्य शासन के योजनान्तर्गत साइकिल का वितरण किया गया साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रेरणा से सम्पूर्ण राज्य के विद्यालयों में सामाजिक अंकेक्षण आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी के रूप में श्रीमती प्रियंका शर्मा व्याख्याता अंग्रेजी शास. उच्च. विद्यालय चटौद की नियुक्ति हुई। कार्यक्रम में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शुभमदास बघेल, सरपंच देवचरण चंद्राकर, जनपद सदस्य श्रीमती गंगा साहू, शाला विकास समिति के सदस्य अशोक साहू, भोजराज सोन, प्रीतम साहू समेत उपप्राचार्य श्रीमती कंचन कुर्रे, एलआर साहू, निरंजन साहू, देवा साहू, श्रीमती देवांगन, श्रीमती सरपा, श्रीमती धमगाये, श्री कश्यप, श्री साहू उपस्थित थे।

### साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे खिले



**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनीकला में 8 अक्टूबर को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत 7 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कक्षा 9वीं की छात्रा यशस्वी पटेल, रूपाली, खिलेश्वरी, तनुजा, डिगेश्वरी, डिंपल, साईना ने निःशुल्क साइकिल पाकर खुशी जाहिर की। मौके पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, जनपद सदस्य टेकराम साहू, सरपंच लता ध्रुव, दीपदान साहू उपसरपंच, कपिलदेव पटेल, डॉ सुरेश तारक, खिलावन चंद्राकर, सुरेश साहू, धनेश्वरी चंद्राकर सहित शाला के शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### युवा संसद प्रतियोगिता में सिहावा स्कूल द्वितीय




**नगरी।** जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में शाउमावि सिहावा के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने मंच पर राजनीतिक विषयों की गहरी समझ और ओजपूर्ण अभिव्यक्ति से सभी का मन मोह लिया। नोडल अधिकारी नीलकमल ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्साह और आत्मीयता के साथ राजनीति संबंधी क्रियाकलापों को प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में संसदीय परंपराओं, संवाद कौशल और नेतृत्व गुणों का विकास होता है। प्राचार्य एसआर साहू तथा नोडल अधिकारी वेदराम सेन ने कहा कि विद्यार्थियों ने न केवल सिहावा का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे जिले में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रतियोगिता में छात्रों की सृजनात्मक सोच, तर्कशक्ति और देशप्रेम से ओतप्रोत प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल को भी प्रभावित किया।

### मानस महोत्सव में रामसिया कोटगांव प्रथम



**जीजामगांव।** मानस दर्शन जीवन अर्पण मानस समूह एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस महोत्सव एवं संत समागम का आयोजन स्कूल प्रांगण मरौद में रखा गया था। जिसमें राष्ट्रीय संतों एवं छत्तीसगढ़ के मानस संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान कर दी। मानस महोत्सव में पूर्व से आनलाइन मानस प्रतियोगिता में चयनित छग की मानस मंडलियों की प्रस्तुति हुई। इसमें रामसिया कोटगांव प्रथम, आदिशक्ति बकतरा द्वितीय, ठाकुरदेव उपरवारा तृतीय, साईं अंडा चतुर्थ, लोकसिंगार आमाकोनी पंचम, विधि हरिहर भिंभौरी षष्ठम, नूतन धौराभाठा सप्तम एवं सत्संग सरिता हसदा अष्टम स्थान पर रही। मानस दर्शन जीवन अर्पण मानस समूह के संस्थापक दीपक गुहा एवं केंद्रीय समिति तथा मातृ संयोजक युवा प्रकल्प तथा आयोजन समिति ने आभार जताया है।

### सामाजिक अंकेक्षण में छात्रों से पूछे गए प्रश्न





**कोर्रा(भखारा)।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 सामाजिक अंकेक्षण हेतु प्रश्नावली कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर सभी स्कूल में 8 अक्टूबर को आयोजित किया गया। सामाजिक अंकेक्षण प्रश्नावली कार्यक्रम शासकीय माध्यमिक शाला सिहाद एवं प्राथमिक पाठशाला सिहाद में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। माध्यमिक शाला से सामाजिक अंकेक्षण टीम प्रमुख एचके साहू एवं प्राथमिक पाठशाला में सामाजिक अंकेक्षण टीम प्रमुख ईएल साहू उपस्थित थे। सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष चम्मन लाल बैस, छत्रपाल बैस सरपंच प्रतिनिधि, श्रीमती सुनीता साहू शिक्षाविद, बिसंभर पटेल बस्ती पंचायत अध्यक्ष, नंद साहू पूर्व उपसरपंच, श्रीमती संतोषी यादव, श्रीमती लोकेश्वरी कुर्रे, श्रीमती चुनेश्वरी साहू, ललिता साहू, गणेशिया साहू, शिवनाथ पटेल, मेघनाथ साहू, शिक्षक स्टाफ एमएल साहू, धीरज दीवान, बीएल मनहरे, श्री नावले, सुजीता मनहरे सहित ग्रामवासी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी छात्र-छात्राओं को सामाजिक अंकेक्षण टीम लीडर व एसएमसी अध्यक्ष एवं पालकों द्वारा माध्यमिक स्तर के 20 प्रश्न एवं प्राथमिक स्तर पर 20 प्रश्न का उत्तर पूछा गया जिनका जवाब छात्र-छात्राओं द्वारा दिया गया। आभार व्यक्त धीरज दीवान शिक्षक द्वारा किया गया।

## अंचल की खबरें

### श्रीराम गौशाला सिलीडीह में कन्या कौशल शिविर लगा



**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ब्लाक स्तरीय कन्या कौशल शिविर श्रीराम गौशाला सिलीडीह में आयोजित किया गया। शिविर में 300 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य प्रवक्ता प्रांतीय नारी जागरण सहसंयोजिका रुक्मणि बंछोर ने परिष्कृत कन्या जीवन के सूत्र, स्वास्थ्य के सरल सूत्र, कन्या जीवन में तनाव व प्रबंधन, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके के बारे में बताया। नारी स्वास्थ्य संबंधित जानकारी नीलम साहू ने दी। कार्यक्रम में कुरूद गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी श्रीमती साधना देवांगन, प्रांतीय जिला समन्वयक धमतरी लक्ष्मी साहू एवं कौशल साहू, श्रीमती सरिता सिन्हा, श्रीराम गौशाला प्रबंधक दुलार सिन्हा,जिला बाल संस्कारशाला प्रभारी बबीता साहू, श्रीमती दुर्गेश नंदिनी, योगेश्वरी निषाद, श्रीमती लता देवांगन, अमृता देवांगन समेत अन्य मौजूद थे।

### भैंसमुंडी हाईस्कूल में 7 छात्राओं को मिली साइकिल



**सिर्री।** शहीद नकुलराम ध्रुव शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी में कक्षा 9वीं की 7 छात्राओं को निशुल्क सरस्वती साइकिल योजनान्तर्गत साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष देवलाल साहू, सरपंच ओमप्रकाश यादव, उपसरपंच जानकी यादव, सेनि शिक्षक चैनसिंह साहू, प्राचार्य आरके टांडे, व्याख्याता एलपी साहू, पूर्णिमा लहरे, मंजूषा बंजारे, संकुल के व्याख्याता होमलाल देवांगन, एसआर साहू, एनआर बघेल, समिति के सदस्य रेवाराम निषाद, देवनारायण निषाद, दम्मन साहू, दुर्गा साहू, चमेली विश्वकर्मा की उपस्थिति रही।

### मोहंदी के स्काउट-गाइड राज्य पुरस्कार शिविर में शामिल





**मगरलोड।** भारत स्काउट्स एवं गाइडस छग द्वारा राज्य पुरस्कार जांच शिविर इंडोर स्टेडियम महासमुंद स्काउट विभाग और डॉ. अम्बेडकर मंगल भवन महासमुंद गाइड विभाग 7 से 11 अक्टूबर तक आयोजित है। राज्य पुरस्कार जांच शिविर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहंदी के 5 स्काउट और 12 गाइड भाग ले रहे हैं। स्काउट विभाग से भावेश, भूपेंद्र, नोमेश, मेघराज, हर्षित और गाइड विभाग से तेजस्वी, पूजा, गीतांजलि, रेणुका, मोनिका, रीमा, यशोदा, नीलम, उर्मिला, यूनिशा, लोमीन और चेतना सम्मिलित हुए। राज्य पुरस्कार जांच शिविर में उत्तीर्ण होने पर 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 10 अंक का बोनस मिलता है। प्राचार्य कुमेंद्र साहू, उर्मिला ध्रुव गाइडर, व्याख्याता डोमन दास नवरंगे, भुवन साहू, कीर्ति सेन, सुमन महोबिया, पीऊषा देशमुख, अर्चना मसीह, निहारिका शर्मा, फाल्गुनी चंद्राकर, सुश्री शमा वर्मा, धनंजय ठाकुर, रामकिशुन नेताम, दौलत देवांगन स्काउट मास्टर ने हर्ष जताया है।

### धीवर समाज चला रहा नशामुक्ति जागरुकता अभियान





**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा 7 अक्टूबर से 6 नवंबर तक नगर के सभी वार्डों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। अभियान का शुभारंभ शीतला माता मंदिर परिसर महिमासागर वार्ड में किया गया। समाज के वरिष्ठ डा. दिनेश कुमार नाग ने कहा कि नशे के कारण अनेक परिवार बर्बाद हो रहे हैं। दिलीप कुमार नाग वरिष्ठ मार्गदर्शक ने कहा कि माता-पिता को नशामुक्त वातावरण बनाना चाहिए ताकि बच्चों पर इसका असर न हो। महासंरक्षक परमेश्वर फूटान ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में बैठकों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। अध्यक्ष नर्मदाप्रसाद जगबेड़हा ने समाज में रक्तदाताओं का रजिस्टर तैयार करने के सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन सोहनलाल धीवर सचिव ने किया।

### किसानों को यौगिक खेती अपनाने के लिए किया प्रेरित




**धमतरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्यधाम सिविल लाइंस एवं कृषि व ग्राम विकास प्रभाग के सहयोग से हरदिहा साहू समाज भवन में आध्यात्मिक किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का विषय भारतीय कृषि दर्शन एवं संपूर्ण ग्राम विकास था जिसमें जिलेभर से हजारों किसान एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम थे। मुख्य वक्ता माउंट आबू से पहुंचे राजयोगी बीके राजू ने किसानों को शाश्वत यौगिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी बीके हेमलता दीदी इंदौर ज़ोन ने की। उन्होंने कहा कि जब किसान आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ खेती करता है, तो वह न केवल धरती को उपजाऊ बनाता है, बल्कि अपने जीवन को भी समृद्ध करता है। विशिष्ट अतिथि विधायक ओंकार साहू, महापौर जगदीश रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद थे। कार्यक्रम में बैलगाड़ी शोभायात्रा, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण रहीं।

अधिकारियों की अनुपस्थिति से निगरानी पर संदेह

# आरसीकन्हार वन परिक्षेत्र में भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल

- स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सीतानदी अभयारण्य अंतर्गत आरसीकन्हार वन परिक्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारियों के लिए बनाए जा रहे कर्मचारी भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। यह निर्माण कार्य विभागीय योजना अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वनकर्मियों को आवश्यक सुविधाओं से युक्त आवास उपलब्ध कराना है।



मिली जानकारी के अनुसार निर्माण स्थल पर पाइपलाइन विस्तार, सिनटेक्स टंकी फिटिंग सहित अन्य कार्यों की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों ने असंतोष जताया है। बताया गया कि पाइप फिटिंग में असमान जोड़, ढीली फिटिंग तथा लीकेज जैसी समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिससे निर्माण की मजबूती को लेकर शंका उत्पन्न हो रही है। सूत्रों के अनुसार इस निर्माण कार्य की निगरानी की जिम्मेदारी वन विभाग के एक अधिकारी को सौंपी गई है, किंतु उनके स्थल पर अनुपस्थित रहने की जानकारी सामने आई है। इससे कार्य की निगरानी और गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। जब इस संबंध में जानकारी हेतु वन परिक्षेत्र कार्यालय आरसीकन्हार से संपर्क किया गया, तो संबंधित अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं मिले। वहीं दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया मगर उन्होंने फोन रिसिव नहीं किया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी कर्मचारी भवन निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखना अनिवार्य है, ताकि सार्वजनिक धन का उचित उपयोग हो सके। उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया है कि निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाई जाए।

## केशिका का राज्यस्तरीय कबड्डी स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)

शास.उच्च.माध्य.विद्या. सिवनीकला के कक्षा 12वीं (साइंस) की छात्रा केशिका तारक पिता भोजराम तारक का चयन अण्डर 19 बालिका कबड्डी में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खेल शिक्षक जेके साहू नें बताया कि यह प्रतियोगिता महासमुंद में 9 अक्टूबर तक होगी। केशिका खेल के साथ ही पढ़ाई में भी मेधावी हैं। 96 प्रतिशत के साथ 10 वीं उत्तीर्ण हुई थी। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर प्राचार्य टीआर पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एनएस साहू, श्रीमती पी.ठाकुर, श्रीमती आर.कोसरे, श्रीमती एस.मारकण्डे, श्रीमती टी.साहू, सुश्री आर पैकरा, सुश्री कुसुमलता साहू, डीके धीवर, डीडी निर्मलकर, डीआर बंजारे, केके गायकवाड़, एचके साहू, एके साहू, जेके साहू क्लर्क, श्रीमती एस.साहू, प्रकाशचंद यादव,



माध्यमिक शाला एचएम श्रीमती एल.साहू, डीके साहू, श्रीमती एम.नरेटी, श्रीमती एस.साहू, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टकेश्वर चन्द्राकार, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश साहू, सांसद प्रतिनिधि सुशील साहू, विधायक प्रतिनिधि कपिल पटेल, जनपद सदस्य टेकराम साहू, सरपंच लता ध्रुव, उपसरपंच दीपदान साहू, सुरेश तारक़ ग्राम पटेला, विक्रम साहू पूर्व सरपंच, दिलीप साहू, सुरेश साहू, खिलावन चन्द्राकर, कुंजीलाल साहू, सुरेश साहू, ज्योति साहू ने होनहार छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## जल्द बनेगा बॉक्स क्रिकेट मैदान

**धमतरी।** नगर निगम द्वारा युवाओं के लिए बनाए जा रहे बॉक्स क्रिकेट मैदान का निरीक्षण आयुक्त प्रिया गोयल ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। आयुक्त ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह बॉक्स क्रिकेट मैदान युवाओं के लिए खेल और मनोरंजन का एक प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे उनकी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ शहर में खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। निगम के अधिकारियों ने बताया कि निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाएं शीघ्रता से पूर्ण हों और आम नागरिकों के उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विश्वास जताया कि बॉक्स क्रिकेट मैदान शीघ्र ही पूर्ण होकर जनता को समर्पित किया जाएगा।

## नारी शक्ति समर्पण और साहस की प्रतीक : कौशल्या

- प्रदेश स्तरीय सर्व यादव महिला सम्मेलन में सिहावा क्षेत्र की सामाजिक महिलाएं हुईं शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सर्व यादव समाज महिला संगठन प्रदेश स्तरीय सम्मेलन कटोरा तालाब के वृन्दावन हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या विष्णुदेव साय रही, अध्यक्षता करुणा मधुसुधन यादव ने की। विशेष अतिथि मंजु यादव थीं। सिहावा नगरी की नारी शक्ति महिला प्रकोष्ठ पदाधिकारी मीनाक्षी यादव, बी यदु, देवकुवर यादव, मीनाबाई यादव ने मुख्य अतिथि कौशल्या साय का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में कौशल्या साय ने कहा कि आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक व किसी भी क्षेत्र में महिलाओं का योगदान अहम है। समाज और राष्ट्र निर्माण में इनकी




महत्वपूर्ण भूमिका है। नारी शक्ति समर्पण और साहस का प्रतीक है। सिहावा क्षेत्र की महिलाओं ने कहा कि समाज के प्रति समर्पित भाव व सहयोग सदैव रहेगा। नारी शक्ति के आगे आने से समाज को एक नई ऊर्जा मिलेगी और समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता।

नारी शक्ति ने महिला उत्पीड़न, नशाबंदी, महिला सामुदायिक भवन के साथ अहीर रेजिमेंट का मांग पत्र रखा। कौशल्या विष्णुदेव साय ने नारी शक्ति की मांग को पूरा कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में धमतरी, दंतेवाड़ा, बीजापुर, जगदलपुर, कोंडागांव, नारायणपुर, बलौदाबाजार, जशपुर, सरगुजा, तखतपुर, गरियाबंद, बिलासपुर, कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर जिलों से महिला प्रकोष्ठ व कर्मचारी प्रकोष्ठ उपस्थित रहे। महिला प्रकोष्ठ सिहावा क्षेत्र से मुख्य आयोजककर्ता धनमती यादव, गीता यादव भी शामिल रही।

# समाज को महत्व देने वाले ही सच्चे सेवक हैं : अजय

- कुरूद में हुई प्रदेश स्तरीय बैठक में अलग-अलग जिले के सामाजिकजन एकजुट हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद के छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर परिसर में कोसरिया यादव समाज की प्रदेशस्तरीय बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राज्य के अलग-अलग जिले से सामाजिक पदाधिकारी एकत्र हुए और संगठन को मजबूती देने की रणनीति बनाई। राजधानी रायपुर में वृहद स्तर पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

प्रांतीय छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज की महत्वपूर्ण बैठक में निर्धारित एजेंडा के अनुसार चर्चा की गई। प्रदेशभर के जिलाध्यक्षों ने क्रमवार एजेण्डा के संबंध में अपने विचार रखे। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कराने सभी ने तन, मन, धन से सहयोग प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने जिलेवार आयोजन समिति का गठन किया जाएगा।

इस अवसर पर समाज के प्रांताध्यक्ष डॉ. अजय यादव ने कहा कि





जीवन में समाज को महत्व देने वाले ही सच्चे सेवक कहलाते हैं। सबसे पहले हम समाज से हैं। इस सोच से कार्य करने पर हर कार्य सफल होता है। समाज की निरंतर प्रगति के लिए हर संभव अंशदान सभी सामाजिकजन को देना होगा। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती उषा यादव ने बेहतर कार्य करने के लिए सामाजिकजनों को प्रोत्साहित किया। महासमुंद जिलाध्यक्ष विनोद यादव ने सामाजिकजनों से आपसी सामंजस्य बनाकर समाज के हर कार्यक्रम में समर्पित भाव से सहयोग करने का आह्वान किया। धमतरी जिलाध्यक्ष जोहन सिंह यादव ने अन्य जिलों से आए सामाजिकजनों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने एजेण्डा के संबंध में चर्चा कर प्रांताध्यक्ष के समक्ष अपने विचार रखे।

## सेलून व्यवसाय को संरक्षित करने की मांग



- विभिन्न मांगों को लेकर सेन समाज ने सीएम, डिप्टी सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेलून व्यवसाय को संरक्षित करने सहित पांच सूत्रीय सामाजिक मांगों को लेकर मंगलवार को सर्व सेन समाज ने प्रदेश के सीएम, डिप्टी सीएम के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सर्व सेन समाज के रायपुर सम्भाग अध्यक्ष खिलावन श्रीवास, धमतरी जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन, संरक्षक मोहित सेन ने बताया कि सेन समाज अपने हितों की रक्षा, अपने पारंपरिक व्यवसाय सेलून व्यवसाय को संरक्षित रखने, सेलून की आड़ में चल रहे स्पा सेंटरों में हो रहे अनैतिक कार्यों की जांच कर उसे बंद करने व दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड से सेन समाज को कोई लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। योजनाओं का लाभ सीधे समाज को मिले। शासन द्वारा सेलून कार्य के लिए जारी शासकीय नौकरी ट्रेड मेन एवं अन्य विज्ञापित पदों पर सेन समाज को प्राथमिकता दी जाए। सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती पर राजकीय अवकाश घोषित करने की भी मांग की गई। मांगों को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नाम कलेक्टर अबिनाश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर उपाध्यक्ष लालाराम भारद्वाज, सचिव भगवानी राम शांडिल्य, कोषाध्यक्ष रविकुमार कौशल, प्रान्त उपाध्यक्ष सेलून संघ कमलनारायण शांडिल्य, संगठन मंत्री रामकुमार सेन, मोती सेन, टेमन भारद्वाज, गोविंदा सेन सहित धमतरी, कुरूद,भखारा, नगरी, मगरलोड, कुकरेल सेलून संघ के पदाधिकारी शामिल हुए।

## फरसियां में एकल विद्यालय आचार्य अभ्यास वर्ग शुरू



- 10 दिवसीय अभ्यास में नये आचार्य हो रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

वन बन्धु परिषद द्वारा संचालित एकल अभियान के तत्वावधान में अंचल नयापारा संच नगरी, उरमाल, देवभोग, शोभा, गंगरेल, छुरा, फिंगेश्वर, मैनपुर के नवीन आचार्यों का फरसियां के महामाया मंदिर प्रांगण में 10 दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। नगरी संच के अध्यक्ष प्रयाग बिसेन, कोषाध्यक्ष महेंद्र नेताम, महिला समिति अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, फरसियां सरपंच केशव टेकाम ने शुभारंभ किया। समिति के कोषाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने बताया कि सुदूर वनांचल क्षेत्र में आज भी विद्यालय नहीं है, ऐसे विभिन्न ग्रामों में एकल विद्यालय संचालित हैं। एकल अभियान समिति के माध्यम से इनका संचालन होता है। इन विद्यालयों में पंचमुखी शिक्षा, प्राथमिक शिक्षा, जागरण, ग्राम स्वराज, आरोग्य शिक्षा एवं संस्कार शिक्षा के तहत बच्चों को शिक्षा के माध्यम से अलख जगाने का काम किया जाता है। इन विद्यालय के नवीन आचार्यों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग यहां पर आयोजित किया जा रहा है। गुलाबसिंह पटेल भाग गतिविधि प्रमुख भाग मध्य छत्तीसगढ़, टीकम निषाद भाग कार्यालय प्रमुख भाग मध्य छग, सुरेन्द्र ध्रुव अंचल अभियान प्रमुख अंचल नयापारा, गनिराम दीवान अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षक अंचल नयापारा, केशव कश्यप गतिविधि प्रमुख अंचल नयापारा, भोजलाल सोरी सच प्रमुख नगरी, वेदलाल निषाद संच प्रमुख गंगरेल, बिसाहु ध्रुव संच प्रमुख उरमाल, मनधर जगत संच प्रमुख शोभा, सुभाष नेताम संच प्रमुख मैनपुर, होरीलाल साहू संच प्रमुख फिंगेश्वर, गुप्तेश्वर यादव संच प्रमुख देवभोग, खेलन यादव संच प्रमुख छुरा एवं 39 नवीन आचार्य उपस्थित रहे।

## यूथ हॉस्टल ने शरद पूर्णिमा पर की रात्रिकालीन ट्रेकिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

यूथ हास्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की धमतरी इकाई द्वारा 5 अक्टूबर को रात्रि कालीन ट्रैकिंग का आयोजन किया गया। सचिव सुबोध महावर ने बताया कि शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में की गई इस ट्रेकिंग में विभिन्न आयु वर्ग के 40 लोगों ने भाग लिया।

चेयरमेन हुकुमचंद मिन्नी ने बताया कि रविवार शाम 6 बजे धमतरी से बस द्वारा चारामा होते हुए अंवरी की रानी माई मंदिर पहाड़ी गये। वहां पहाड़ी में रात में ट्रैकिंग की गई और देवी मां के दर्शन किए। शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में रात्रि 12 बजे खीर खाई। यह ट्रैक धमतरी यूनिट के अध्यक्ष रमेश देव और कोषाध्यक्ष वेंकटेश्वर साहू द्वारा बनाया गया था। संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉ अनंत दीक्षित ने नए सदस्यों को यूथ हास्टल के संबंध में बताया कि विगत कई वर्षों से शरद पूर्णिमा के आस-पास रात्रिकालीन ट्रेकिंग का प्रोग्राम आयोजित करते हैं। उपाध्यक्ष मनीष चंद्राकर, एकता सिंह, डॉ प्रीति वर्मा, काजल मुंजवानी और लक्ष्मी देवांगन द्वारा विभिन्न आकर्षक एवं मनोरंजक खेल खिलाए गए।

कार्यक्रम में नेशनल कौन्सिल सदस्य योगेश कुमार गुप्ता, एपीसी धनंजय सोनकर, हेमंत डेकाटे, मीडिया प्रभारी डॉ भूपेंद्र साहू, दीक्षा साहू, कमलेश कोठारी, राजेन्द्र आनंद, डॉ प्रकाशचंद्र चौधरी, डॉ शक्ति वर्मा, इनाया वर्मा, राकेश, प्रतिभा, डॉ लिगेंद्र वर्मा, भारत गजपाल, गौतम झा, सुनीता और निधि ने अपनी सहभागिता दी।

## जुनवानी में हुई शिवलिंग की स्थापना

**धमतरी।** ग्राम जुनवानी में शरद पूर्णिमा पर ग्रामवासियों द्वारा शिवलिंग स्थापना एवं विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि शरद पूर्णिमा का यह पावन पर्व हमें आध्यात्मिक चेतना, शुद्धता और समाज में एकता का संदेश देता है। यहां शिवलिंग की स्थापना जैसा पुण्य कार्य समर्पण और सद्भावना का प्रतीक है। धार्मिक आयोजनों से न केवल संस्कृति का संरक्षण होता है, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपने संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, परिक्षेत्र संरक्षक प्रहलाद साहू, उपाध्यक्ष चौथराम साहू, चुम्मन लाल साहू, कुलेश्वर साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नगरी प्रकरण में एट्रोसिटी एक्ट जोड़ा जाए : मरई



**धमतरी।** अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी के जीवराखन मरई ने नगरी में एक आदिवासी गरीब महिला के साथ घटित गंभीर घटना के संबंध में प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि उक्त प्रकरण में एट्रोसिटी एक्ट आदिवासी अत्याचार अधिनियम की धारा नहीं लगाई गई है। इस गंभीर विषय में उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से जल्द ही यह धारा जोड़ने की मांग की है। उन्होंने पुलिस व जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि यदि उनके मांगे नहीं मानी गई तो समाज की ओर से उग्र कदम उठा सकते हैं, इसकी जिम्मेदारी पुलिस व प्रशासन की होगी।

### युकां ने निकाली मोमबत्ती रैली



**कांकेर।** मंहगी बिजली को लेकर युवक कांग्रेस ने कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से एसबीआई मुख्य ब्रांच के समीप अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक मोमबत्ती रैली निकाली और जमकर नारेबाजी किया। इस प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पठानिया, सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, कृपाल कटारिया, खिलेंद्र भूआर्य, सूरज कश्यप, पंकज वाधवानी, राजू दुबे, शोएब अहमद, कांकेर अध्यक्ष खोमेन्द्र उइके, सुरेश नाग, उदय शर्मा, शिवांकित श्रीवास्तव, शेष गजबिए, लोमेंद्र यादव सहित युवक कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### जहर खाए युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 32 वर्षीय किशोर घोष ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका 26 सितंबर को मौत हो गया। थाना भानुप्रतापपुर में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी पखांजुर थाना लाने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### देवेंद्र को अध्यक्ष पद का मिला दायित्व

**धनेलीकन्हार।** परिक्षेत्र स्तरीय साहू समाज का चुनाव साहू सदन मरकटोला में 6 अक्टूबर को रखा गया था, जिसमें सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी का निर्विरोध चुनाव किया गया। निर्विरोध चुनाव में अध्यक्ष देवेंद्र हिरवानी, उपाध्यछ भागवत साहू, महिला उपाध्यक्ष सावित्री साहू, संगठन सचिव पुनेश्वर साहू, महिला संगठन सचिव टिकेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, कार्यक्रम सचिव शेखर साहू को बनाया गया। चुनाव अधिकारी एवं समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### संकुल प्राचार्य ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत प्राथमिक शाला खेड़ेगांव का संकुल प्राचार्य बाबूलाल कोमरे द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भी संवाद करते हुए अध्ययन पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने और नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील किया।

आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर सदर उत्तर बस्ती का हुआ पथ संचलन एवं बौद्धिक कार्यक्रम

# संघ में कोई व्यक्ति गुरु नहीं होता : वशिष्ठ







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सदर उत्तर बस्ती धमतरी द्वारा पथ संचलन और बौद्धिक कार्यक्रम गांधी चौक मैदान में किया गया। कार्यक्रम में संघ के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। दोपहर 2:30 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण गांधी चौक मैदान में हुआ, जिसके बाद दोपहर 3 बजे नगर में पथ संचलन प्रारंभ किया गया।

पथ संचलन गांधी चौक मैदान से प्रारंभ होकर रामसगरी गार्डन, बनियापारा, मठ मंदिर चौक, सदर बाजार, चमेली चौक, कचहरी चौक, भगत चौक, कोष्टापारा, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव चौक, बम्लई मंदिर चौक, इतवारी बाजार होते हुए पुनः गांधी मैदान पर आकर समाप्त हुआ। इस एक घंटे के संचलन में संघ के स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। नागरिकों ने जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। राष्ट्रभक्ति के नारों से मार्ग गूंज उठे और पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। लोगों ने तालियों की गूंज और जयकारों के साथ स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। बच्चे, युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिक भी इस राष्ट्रभक्ति के आयोजन के साक्षी बने।

शाम 4:30 बजे गांधी चौक मैदान में मंचीय कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ नागेंद्र वशिष्ठ थे। अध्यक्षता प्रोफेसर ज्ञानचंद बैद ने की। विशिष्ट अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र थे।

इस अवसर पर श्री वशिष्ठ ने कहा कि संघ की ध्वज को देखते ही एक पवित्र भावना जागृत होती है। उन्होंने बताया कि संघ में कोई व्यक्ति गुरु नहीं होता, ध्वज ही हमारा गुरु है।

श्री वशिष्ठ ने संघ के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य राष्ट्र सेवा और आत्म-सम्मान की भावना को जागृत करना है। उन्होंने बताया कि डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयादशमी के दिन इस संगठन की नींव रखी थी और आज 100 वर्षों बाद यह संगठन एक वटवृक्ष का रूप ले चुका है, जिसकी शाखाएं देश-विदेश में फैल चुकी हैं।

आगे बताया कि डॉ हेडगेवार ने संघ की नींव सात सूत्रों पर रखी थी आत्म जागृति, अपनत्व, राष्ट्रीयता, सामूहिकता, अनामिकता, समर्पण और स्वदेशी। ये मूल्य आज भी संघ की कार्यप्रणाली की आत्मा हैं। उन्होंने कहा कि संघ को अनेक बार विरोध और उपहास का सामना करना पड़ा, लेकिन स्वयंसेवकों ने अपने पथ से कभी विचलित नहीं होकर राष्ट्र सेवा को ही अपना ध्येय बनाए रखा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में पांच परिवर्तन लाएं परिवार में संस्कार हो, माता से सेवा और प्रेम के संस्कार सीखें, पिता से नेतृत्व की प्रेरणा लें, समाज को संगठित करें, वातावरण को शुद्ध बनाएं और अपने अधिकार एवं कर्तव्यों को समझें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए सेवा भाव के साथ आगे बढ़ना ही संघ का मार्ग है। सेवानिवृत्त प्रोफेसर ज्ञानचंद बैद (शास.महा.धमतरी) ने कहा कि आज हम जिस स्वाभिमान युक्त वातावरण में सांस ले रहे हैं, वह अनेक महापुरुषों के बलिदान और संघर्ष का परिणाम है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा राष्ट्र को प्राथमिकता दी है और हर आपदा और संकट के समय स्वयंसेवक अग्रिम पंक्ति में खड़े नजर आए हैं।

प्रोफेसर बैद ने बताया कि आज संघ जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है चाहे वह शिक्षा हो, सेवा कार्य हो, पर्यावरण संरक्षण हो या आपदा प्रबंधन। उन्होंने कहा कि संघ का प्रत्येक स्वयंसेवक एक समाज निर्माता की भूमिका निभा रहा है और युवाओं को संघ के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। मंचीय कार्यक्रम के दौरान अनेक गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन, नगरवासी एवं स्वयंसेवकों के परिजन उपस्थित रहे। ध्वज प्रणाम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेश शर्मा नगर सह संघचालक, राकेश साहू सह प्रांत महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख, मोहन साहू सह प्रांत सेवा प्रमुख, घनश्याम साहू सह विभाग कार्यवाह राजिम, गौतम साहू विभाग शारीरिक प्रमुख, धनेश्वर निर्मलकर धमतरी जिला कार्यवाह, बस्ती प्रमुख गोल्डी जैन, अन्य स्वयंसेवक निलेश लुनिया, पिंटू डागा, राकेश राखेचा, डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, योगेश गांधी, दिलीप जिंजूवाडिया, योगेश रायचुरा, मोंटू सेठिया, विजय बैद, गोल्डी बैद, नितिन बैद, धनराज लूनिया, कोमल सार्वा, नेहिल गजेंद्र, गौरव मगर, उमेश सिंह बशिष्ट, अयांश सिंह बशिष्ट, संजय छाजेड़, रोहिताश मिश्रा, प्रिंस जैन, गौतम साहू, दुर्गा शंकर साहू आदि उपस्थित थे।

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

**धमतरी।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे जहां एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रायपुर विमानतल पर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान श्री देवांगन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चौधरी के साथ संगठन की नीतियों, आगामी कार्यक्रमों और छात्रहित में चलाए जा रहे अभियानों पर चर्चा की तथा शिक्षा, रोजगार और युवाओं के हक के लिए हमेशा संघर्षरत और तत्पर रहने की बात कही।



इस अवसर पर ऋषभ यादव, पारसमणि साहू, चितेंद्र साहू, तेजप्रपात साहू, अरविंद यादव, नोमेश सिन्हा, नमन बंजारे, चैतन्य साहू, राकेश नेताम, व्यंकट देवांगन, गजेंद्र साहू, उमेश साहू, लिकेश साहू, पूरण सोनी, सौरभ पाल, यश चंद्राकर, घनश्याम साहू, शाश्वत साहू, इंदर साहू, उदय साहू, प्रियेश निर्मलकर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हेमराज गौ सेवा आयोग के जिला अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गौ संरक्षण, गौ संवर्धन और गौ आधारित जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने ठोस पहल की है। इसी क्रम में गौ सेवा आयोग द्वारा प्रदेश भर में जिला और ब्लॉक स्तरीय समितियों का गठन किया जा रहा है। हेमराज सोनी को गौ सेवा आयोग द्वारा जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया है। उनके नेतृत्व में जिले में गौ सेवा से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी और नीति को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। श्री सोनी ने मनोनयन के बाद कहा कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ गायों के संरक्षण और संवर्धन के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि गौ माता हमारी संस्कृति, अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य का मूल आधार हैं। जैविक खेती और पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं, बल्कि किसानों और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर भी बना सकते हैं। यह पहल प्रदेश को गौ केंद्रित सतत विकास की ओर ले जाने में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

## संबलपुर में विजयादशमी पर हुआ पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर भोथली मंडल के ग्राम संबलपुर में विजयादशमी एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर 12 ग्रामों के स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में पथ संचलन किया, जिससे ग्राम का वातावरण राष्ट्रगीतों और घोष के साथ गुंजायमान हो उठा।

मुख्य वक्ता प्रांत संघ चालक डॉ. टोपलाल वर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक केपी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त तहसीलदार भारत लाल ध्रुव थे। कार्यक्रम में 107 स्वयंसेवक तथा 254 गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में आनंद स्वरूप, शशि पवार, डेनिश चंद्राकर, तारेंद्र चंद्राकर तथा ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

आज बेलरगांव बंद

## गोंडवाना समाज सेवा समिति ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

तहसील गोंडवाना समाज सेवा समिति युवा प्रभाग ने बेलरगांव तहसील कार्यालय में तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन एक आदिवासी गरीब महिला के साथ घटित गंभीर घटना के संबंध में दिया गया।

ज्ञापन में बताया गया है कि 3 अक्टूबर 2025 को मनोहरदास मानिकपुरी (अध्यक्ष भाजपा मंडल बेलरगांव) द्वारा एक आदिवासी गरीब महिला के घर में जबरन घुसकर उनके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। इस घटना की एफआईआर थाना बोराई में 7 अक्टूबर 2025 को दर्ज की गई है। आदिवासी समाज सेवा समिति युवा प्रभाग ने आरोप लगाया कि घटना के गंभीर स्वरूप के बावजूद पुलिस विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस लापरवाही और उदासीनता के कारण आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

गोंडवाना समाज सेवा समिति ने प्रशासन को सूचित किया है कि 9 अक्टूबर को बेलरगांव बंद का आवाहन किया गया है। समिति ने स्पष्ट किया है कि यह बंद पूर्णतः शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा, परंतु यदि आंदोलन के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं पुलिस विभाग की होगी। समिति ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया है कि पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने हेतु आरोपी के विरुद्ध त्वरित और कठोर कार्रवाई की जाए। अन्यथा समाज इस मुद्दे पर संगठित होकर व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## कांग्रेस ने अनुसूचित जनजाति समाज को केवल वोट बैंक समझा : जांगड़े



- प्रथम नगर आगमन पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बिलाईगढ़ के पूर्व विधायक एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े का धमतरी आगमन पर भाजपा कार्यालय में स्वागत किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारीयों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिशंकर सोनवानी ने कहा कि मोर्चा जिले में अच्छा कार्य कर रहा है और आगामी चुनाव में इसका सकारात्मक परिणाम अवश्य दिखेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा पार्टी के सभी कार्यक्रमों में निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है।

मुख्य वक्ता सनम जांगड़े ने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद वे 19 जिलों का दौरा कर चुके हैं और धमतरी उनका 20वां जिला है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने अनुसूचित जनजाति समाज को केवल वोट बैंक बनाया, जबकि भाजपा सरकार ने शौचालय, आवास, राशन और जीएसटी छूट जैसी योजनाओं से समाज का उत्थान किया।

कार्यक्रम का संचालन पूरन धृतलहरे ने किया। मंच पर डीपेंद्र साहू, राकेश साहू, उमेश साहू, गायत्री सोनी, रितिका यादव सहित नूतन लहरे, प्रकाश पाटले, इतवारी गावस्कर, दिनेश रामटेके, अर्जुन बघेल, लोमश, सोनभद्र जांगड़े, योगेश टंडन, भक्त मारकंडे, भागूराम लहरे, रीता बंजारे आदि उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं–
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स)
सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू
होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता – तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग – सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग – घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

## सिर्री में चौमासा रामायण की हुई पूर्णाहुति

- सौहेंद्र सिंह के निवास में आयोजन का 15वां वर्ष



**सिर्री।** ग्राम सिर्री के सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता के निवास स्थान में चौमासा रामायण भजन का आयोजन गांव की सत्संग समिति द्वारा आषाढ़ माह की एकम तिथि से किया गया था जिसकी पूर्णाहुति क्वांर माह की शरद पूर्णिमा के दिन 7 अक्टूबर को की गई। चार महीने तक प्रतिदिन सत्संग समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों द्वारा संध्याकालीन श्रीराम भजन किया गया। समापन दिवस पर भगवान श्रीराम का भजन कीर्तन हुआ। पश्चात आरती पूजन कर पूर्णाहुति की गई। सौहेन्द्र सिंह के निवास स्थान में यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है।खीर पूड़ी के साथ भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। भजन संगीत करने विभिन्न क्षेत्र से भजन गायक शामिल हुए थे। इस दौरान वेदप्रकाश वर्मा डोटोपार, वीरेंद्र साहू प्राचार्य कृष्ण संगीत महाविद्यालय धमतरी, खिलेंद्र कुमार शिक्षक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, देवराम कलिहारी डोटोपार, योगेश निर्मलकर, राकेश ठाकुर निपाणी, सूरज कुमार, तुकेश यादव, हिमांशु सपहा, संतोष साहू, तुकाराम भेलवाकूदा, डा. राजेंद्र किरण भानपुरी, लीलाराम साहू थूहा, भागवत, खिलेश साहू, अमलीडीह, पोषण ने अपनी कला और भजन संगीत की प्रस्तुति दी। मौके पर सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री, श्रीराम सोन, तुलाराम साहू, पीलाराम साहू, विश्राम सिन्हा, देशांत सिन्हा सरपंच सिर्री, घनश्याम साहू, रोहित निर्मलकर, बसंत साहू चिंवरी, रमेश त्रिपाठी, सालिकराम साहू ग्राम पटेला, राधेरमन साहू, चंद्रकांत देवांगन, रामनाथ शर्मा, हरेंद्र साहू चिंवरी, रामेश्वर साहू बकली, रोशन विश्वकर्मा शामिल हुए।

चतुर्थ पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि
मुस्कराहट का कोई मोल नहीं होता, कुछ रिश्तों का कोई तोल नहीं होता,
लोग तो मिल जाते हैं हर राह पर, पर हर कोई आपकी तरह अनमोल नहीं होता

जन्मतिथि 10/11/1975
निर्वाण 09/10/2022
स्व. तामेश्वरी सिंह
आज आपकी पुण्यतिथि पर
हम समस्त परिजन आपको अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
आपकी दया, करूणा स्नेह एवं समस्त परिजनों के प्रति आपका ममत्व भाव हमारे दिलों में समाया हुआ है, आपकी पवित्र आत्मा को प्रभु शाश्वत सुख व परम शांति प्रदान करे।
श्रद्धानवत : दुर्गेश्वर सिंह (पति)
सत्यजीत सिंह-चांदनी सिंह (पुत्र-पुत्रवधु), स्तुति सिंह (पुत्री)
श्रीमती राधिकादेवी (सास), मनहरण सिंह (जेठ), उमेश-वंदना सिंह (देवर-देवरानी), श्रीमती जागेश्वरी गजभीम (ननद), डॉ.विजयलक्ष्मी-गजेन्द्र सारधे (ननद-नंदोई), सरोज-ऋषि सूर्यवंशी (ननद-नंदोई), परिवार के बच्चे- पिंकी गजभीम, हेमंत (राजा) गजभीम, उपासना भास्कर, अभिषेक-नगीना भास्कर, अभय (लियो) सूर्यवंशी, तन्मय, आदित्य सिंह, सोमी सूर्यवंशी, अयांश सिंह, अधिश्री एवं समस्त बशिष्ट, भास्कर परिवार धमतरी।